खेल ढाबा

पटना, शुक्रवार, 6 जून, 2025 वर्ष-1 ।। अंक-6 ।। पृष्ठ-2 ।।

डिजिटल संस्करण

नजरें केएल राहुल पर पेज-02 जोकोविच सेमीफाइनल में पेज-02 फाइनल में गॉफ की सबालेंका से भिड़ंत पेज-02

संक्षिप्त

वर्षा टेकाम पर तीन साल का प्रतिबंध

नई दिल्ली, 5 जून। भारत की लंबी दूरी की धाविका वर्षा टेकाम पर बुल्सनतिवार को एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) द्वारा डोप टेस्ट से बचने के लिए तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया। पिछले साल पुणे हाफ मैराथन में एक घंटे 26.22 मिनट के समय के साथ दूसरे स्थान पर रही वर्षा को 26 मई को अस्थाई तौर पर निलंबित किया गया था। एआईयू के अनुसार वर्षा को अनुच्छेद 2.3 (किसी एथलीट द्वारा नमूना संग्रह से बचने, मना करने या उसे प्रस्तुत करने में विफल रहने) के तहत निलंबित किया गया था।

लवलीना की मुक्केबाजी अकादमी का हुआ उद्घाटन

गुवाहाटी, 5 जून। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बुल्सनतिवार को कहा कि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन युवाओं के लिए एक आदर्श हैं और उम्मीद है कि वह कई और लोगों को मुक्केबाजी को एक व्यावसायिक करियर के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित करेंगी। मुख्यमंत्री हिमंत ने उत्तरी गुवाहाटी में लवलीना की अकादमी का उद्घाटन करने के बाद कहा कि असम के उभरते मुक्केबाजों के पास अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक नई जगह है (लवलीना मुक्केबाजी अकादमी) जो आधुनिक प्रशिक्षण सुविधाओं से सुसज्जित है और वह हमारे युवाओं को अगले स्तर के लिए तैयार करेगी।

अगले ओलंपिक में मेरा निशाना स्वर्ण पर : कुसाले

नई दिल्ली, 5 जून। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचने वाले भारतीय निशानेबाज स्वप्निल कुसाले लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के अपने लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। कुसाले पेरिस में 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में ओलंपिक पदक जीतने वाले देश के पहले निशानेबाज बने थे। साल 2021 और 2022 विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले कुसाले अब तक की सफलता से संतुष्ट नहीं हैं और बड़े पदक चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए बड़ा सोचने और सपने देखने की जरूरत है और किसी भी अन्य खिलाड़ी की तरह मैं भी शीर्ष स्थान की तलाश में हूं। कुसाले ने कहा कि मौजूदा समय में मेरा ध्यान विश्व कप है। इसके बाद एशियाई खेलों के चयन ट्रायल पर ध्यान केंद्रित करूंगा।

तीरंदाज अंताल्या विश्व कप से खाली हाथ लौटे

अंताल्या (तुर्किये), 5 जून। भारतीय तीरंदाज पिछले विश्व कप की अपनी सफलता को दोहराने में विफल रहे और यहां तीरंदाजी विश्व कप के तीसरे चरण में कंपाउंड और रिकर्व दोनों वर्गों में टीम स्पर्धाओं से खाली हाथ लौटे। पिछले महीने शंघाई में दूसरे चरण में स्वर्ण (पुरुष) और रजत (महिला) जीतने वाली कंपाउंड टीमें इस बार पदक की दौड़ में पिछड़ गईं। ऋषभ यादव, कई विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता अभिषेक वर्मा और मौजूदा विश्व चैंपियन ओजस देवताले की भारतीय कंपाउंड टीम को शुरुआती दौर में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा।

ईटीपीएल 2026 तक स्थगित

लंदन, 5 जून। बॉलीवुड स्टार अभिषेक बच्चन के आंशिक स्वामित्व वाली यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) को 2026 तक स्थगित कर दिया गया है। इस प्रतियोगिता में आयरलैंड, स्कॉटलैंड और नीदरलैंड की शहर-आधारित फ्रेंचाइजी टीमें भी हिस्सा लेना था। यह टूर्नामेंट 15 जुलाई से तीन अगस्त तक होना था लेकिन इस साल नहीं हो रहा है क्योंकि 3 संभावित मालिक 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट में टीम की हिस्सेदारी खरीदने के लिए सौदा पूरा करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

जसप्रीत बुमराह की जगह लेना मुश्किल

लेकिन इंग्लैंड दौरे के लिए टीम में पर्याप्त प्रतिभा है: गंभीर, कहा-रोडशो की जरूरत नहीं, जिंदगियां उससे अधिक अहम'

मुंबई, 5 जून। भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने यह स्पष्ट नहीं किया कि जसप्रीत बुमराह पांच टेस्ट मैचों में से कौन से तीन में उपलब्ध रहेंगे, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ आगामी सीरीज के दौरान इस दिग्गज गेंदबाज तेज गेंदबाज की अनुपस्थिति में जिम्मेदारी संभालने के लिए गेंदबाजी इकाई में प्रतिभा की कमी नहीं है।

गंभीर ने कहा कि यह भी जरूरी नहीं कि बुमराह सिर्फ तीन ही टेस्ट मैच खेलें। उन्होंने कहा कि हमने अभी यह तय नहीं किया है कि हम उसे कौन से तीन मैच खिलाना चाहते हैं।

गंभीर ने नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के साथ इंग्लैंड रवाना होने से पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जसप्रीत बुमराह जैसे खिलाड़ी की जगह लेना हमेशा मुश्किल होता है, लेकिन हमारे पास प्रतिभावान गेंदबाज हैं। भारतीय चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने इस दौरे के लिए टीम की घोषणा के दौरान बताया था कि मेडिकल टीम से मिले परामर्श के अनुसार 31 वर्षीय बुमराह सभी पांच टेस्ट मैचों में नहीं खेलेंगे।

गंभीर ने कहा कि मैंने पहले भी चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान कहा था कि इससे किसी और को खुद को साबित करने का मौका मिलता है और हमारे पास पर्याप्त प्रतिभा है। मुझे पता है कि वह एक बेहतरीन गेंदबाज हैं, लेकिन हमारे पास टीम में प्रतिभाशाली गेंदबाजों की कमी नहीं है।

गंभीर ने संकेत दिया कि बुमराह के खेलने का क्रम काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि भारत सीरीज में किस स्थिति में है। उन्होंने कहा कि जाहिर है हम उनसे इस बारे में चर्चा करना चाहते हैं और यह काफी हद तक सीरीज के नतीजों पर निर्भर करेगा। खड़ूस बात पर निर्भर करेगा कि सीरीज किस दिशा में आगे बढ़ रही है। यह ऐसी चीज है जिसके बारे में मैं भी बहुत अच्छी तरह से समझता हूं और वह महत्वपूर्ण है।

गंभीर ने कहा कि मैं कभी भी इस बात का समर्थक नहीं रहा कि हमें रोडशो करने चाहिए। जब मैं खेलता था तब भी मैंने 2007 टी20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद यही बात कही थी कि हमें रोडशो नहीं करने चाहिए। मुझे लगता है कि लोगों की जान इससे कहीं ज्यादा अहम है। मैं अगले भी यही कहता रहूंगा कि भविष्य में हमें इस तरह के रोडशो से बचना चाहिए और यदि करना ही है, तो स्टेडियम में बंद वातावरण में करना चाहिए।

सचिन और जेम्स एंडरसन के नाम पर होगी भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज

लंदन, 5 जून। भारत और इंग्लैंड की टीमें महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर और जेम्स एंडरसन के नाम पर पांच मैचों की आगामी टेस्ट शृंखला खेलेंगी। बीसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी का अनावरण 20 जून को हेडिंग्ले में शुरू होने वाली शृंखला से पहले किया जायेगा।

इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शनिवार इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। इससे पहले ब्रिटेन में इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट शृंखला को पटौदी ट्रॉफी के लिए खेला जाता था। इसका नाम इफ्तिखार अली खान पटौदी और उनके बेटे मंसूर अली खान पटौदी के नाम पर रखा गया था। मार्च में ईसीबी ने पटौदी परिवार को लिखा था कि ये ट्रॉफी को रिटायर करना चाहते हैं।

क्रिस वोक्स इंग्लैंड टीम में शामिल

लंदन, 5 जून। तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स को लीड्स में भारत में खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पांच टेस्ट की शृंखला के पहले मैच के लिए बुल्सनतिवार को इंग्लैंड की 14 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया। टीम: बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, सैम कुक, जैक क्रावली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), जोश टंग और क्रिस वोक्स।

रोहित व कोहली की कमी खलेगी

मुंबई, 5 जून। रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद हाल ही में विराट कोहली ने भी इस प्रारूप को अलविदा कहा था। अब टीम की जिम्मेदारी शुभमन गिल के कंधों पर है। इंग्लैंड दौरे में पहले उन्हें भारतीय टीम का टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया है। इंग्लैंड दौरे पर रवाना होने से पहले प्रेस कांफ्रेंस में गिल ने कहा कि रोहित और विराट की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इस दौरे में एक टीम के तौर पर जीतने का दबाव होता है। हमें दो अनुभवी खिलाड़ियों की कमी खलेगी जिन्होंने हमारे लिए खेला है और मैच जीते हैं। उनकी जगह भरना मुश्किल है। इस दौरान गिल ने यह भी बताया कि उप पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं है। उन्होंने कहा कि कोई अलग दबाव नहीं है। हर सीरीज का अपना दबाव होता है और हमें दबाव को झेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। हां, दो अनुभवी खिलाड़ी नहीं हैं, लेकिन जिस टीम संयोजन के साथ हम जा रहे हैं, उसमें उम्मीद प्रसिद्ध अनुभव और युवाओं का अच्छा मिश्रण है। गिल ने कहा कि मुझे लगता है कि हमने नवीन गेंदबाज चुने हैं और हमारे पास तेज गेंदबाजी आक्रमण भी अच्छा है। हमारा तेज गेंदबाजी आक्रमण हमें किसी भी स्थिति में हमें मैच जिताने की काबिलियत रखता है। हम अपने पास जसप्रीत बुमराह जैसा तेज गेंदबाज होता है, तो आप निश्चिंत होते हैं। जब भी वह आते हैं और खेलते हैं तो वह हमारे लिए बड़ा बड़ा अंतर लाता है।

कप्तान गिल ने प्लेइंग इलेवन के चयन पर भी बात की। उन्होंने कहा कि अभी इसका फैसला होना बाकी है और तीन-चार नंबर पर कौन खेलेगा, इसका निर्णय जल्द होगा। उन्होंने आगे कहा कि हमने वास्तव में संयोजन पर फैसला नहीं किया है। हमारे पास अभी भी थोड़ा समय है। हमइंग्लैंड में हंड्र-स्कोर मैच और 10 दिवसीय शिविर में खेल रहे हैं। हम वहां जाने पर टीम का फैसला करेंगे। यह देखना बाकी है कि नंबर 3 और नंबर 4 पर कौन खेलने जा रहा है।

भारतीय टीम : शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

पटना के विजय कुमार बने चैंपियन

बरबीघा (शेखपुरा), 5 जून (खेलढाबा)। अखिल बिहार शतरंज संघ के तत्वावधान में स्थानीय संत मैरी इंग्लिश स्कूल में गुरुवार यानी 5 जून को संपन्न बिहार राज्य सीनियर फिडे रेटिंग शतरंज प्रतियोगिता का खिताब पटना के विजय कुमार ने अपराजित रहते हुए जीत लिया। नौ चक्रों की समाप्ति के पश्चात पटना के विजय कुमार अपराजेय रहते हुए आठ अंकों के साथ राज्य शतरंज के नए बादशाह बने। अंतिम चक्र में विजय ने मुजफ्फरपुर की मरियम फातिमा के साथ ड्रॉ बाजी खेलकर प्रतियोगिता जीत ली।

दो नंबर बोर्ड पर रूपेश रामचंद्र एवं आशुतोष ने भी परिणाम निकलवाने देख 43 चालों में बाजी ड्रॉ करने पर सहमत हो गए।

वहीं बोर्ड नंबर तीन एवं चार पर विपल एवं पीयूष ने अपनी अपनी बाजियां जीत कर सात अंक बना लिए। इस तरह सात अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे पांच खिलाड़ियों के बीच टाई ब्रेक अंकों के आधार पर अंतिम स्थानों का निर्धारण किया गया। इसके तहत आशुतोष कुमार को बेहतर बुच्होल्ट अंकों के आधार पर उपविजेता घोषित किया गया। वहीं विपल सुभाषी एवं मरियम फातिमा क्रमशः तीसरे एवं चौथे स्थान पर आकर बिहार टीम में जगह बनाने में सफल हो। पुरस्कार वितरण सह सम्मान समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि डॉ सज्जानंद सिंह (पूर्व अध्यक्ष, आईएमए) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ राकेश कुमार (अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी) ने विजेताओं को पुरस्कार राशि, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर सम्मानित अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सहाय एवं डिजिटल दैनिक धारकर के ब्यूरो चीफ नवीन कुमार, दैनिक जागरण के ब्यूरो चीफ अरुण साहनी, संत मैरी हॉलिश स्कूल के शब्बीर अहमद, गणनायक मिश्रा, मुख्य निर्णायक नंदकिशोर, उप मुख्य निर्णायक मनीष कुमार, आलोक प्रियदर्शी, राज चंद्रा, रितेश कुमार समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रतियोगिता के संयोजक हिमांशु कुमार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन शशिनन्द कुमार ने किया।

सीनियर फिडे रेटिंग शतरंज

- पटना की ही आशुतोष बने उपविजेता
- विपल सुभाषी को तीसरा स्था

टॉप टेन प्लेयर्स

विजय कुमार (पटना)	8 अंक
आशुतोष कुमार (पटना)	7 अंक
विपल सुभाषी (पटना)	7 अंक
मरियम (मुजफ्फरपुर)	7 अंक
स्वीश रामचन्द्र (पटना)	7 अंक
पीयूष कुमार (पटना)	7 अंक
प्रेम कुमार (सारण)	6.5 अंक
प्रियांशु (शिवानगर)	6.5 अंक
शिवप्रिय (लखीसराय)	6.5 अंक
जयेश मिश्र (दरभंगा)	6.5 अंक

एडियन ली रॉक्स बने स्ट्रेथ और कंडीशनिंग कोच

नई दिल्ली, 5 जून। 20 जून से भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों टेस्ट सीरीज का आगाज करेगी, जिसका पहला मुकाबला हेडिंग्ले में खेला जाएगा। इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने एक नए कोच की पोस्ट हो गई है। आईपीएल में पंजाब किंग्स के साथ अपना 6 साल का कार्यकाल खत्म करने के बाद एड्रियन ली रॉक्स टीम इंडिया के साथ जुड़ गए हैं। एड्रियन ली रॉक्स ने घोषणा की है कि वह पंजाब किंग्स के साथ अपना कार्यकाल समाप्त करने के बाद भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम में नए स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच के रूप में शामिल होंगे, जो आईपीएल 2025 के उपविजेता हो। जनवरी 2002 से मई 2003 तक भारतीय टीम के स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच रहने के बाद यह ली रॉक्स का भारतीय टीम के साथ दूसरा कार्यकाल होगा।

मेजबान जर्मनी को हरा पुर्तगाल फाइनल में

म्यूनिख, 5 जून। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के निर्णायक गोल से पुर्तगाल ने यूईएफए नेशंस लीग सेमीफाइनल में जर्मनी को 2-1 से हरा दिया। इसी के साथ मेजबान टीम की पहली बार टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं। औलाबुश्टिक कारण 10 मिनट की देरी के बाद, जर्मनी ने जल्दी ही लय पकड़ ली। लियोन गोरेत्जका ने शुरुआत में डियोगो कोस्टा को परखा, जबकि डेम्बुरेट निक वोल्त्मेड ने एलेक्जेंडर पावलोविच के साथ मिलकर एक और मौका बनाया। हालांकि, पुर्तगाल ने जल्द ही लय पकड़ ली। फ्लोरियन विर्ट्ज ने 43वें मिनट पर मैच का पहला गोल दागकर जर्मनी को 1-0 से लीड में ला दिया। फ्रांसिस्को कॉन्सेइकाओ, जो कुछ मिनट पहले ही मैदान पर आए थे, उन्होंने शानदार सिंगल स्ट्राइक के साथ मैच का रुख पलटा। 63वें मिनट पुर्तगाल ने भी अपना खाता खोलते हुए मैच 1-1 से बराबरी पर ला दिया। मैडेस के लो जॉस को रोनाल्डो ने गोल में बदला। इसी के साथ रोनाल्डो 40 साल और 119 दिन की उम्र में जर्मनी के खिलाफ खेल करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जर्मनी अब रविवार को सीरीज के तीसरे प्लेऑफ खेलेगा, जबकि पुर्तगाल फाइनल खेलेगा।

यूईएफए नेशंस लीग

- रोनाल्डो ने गोल दाग कर पुर्तगाल को दिलाई जीत

बिहार के केशर व रवि बने खेलो इंडिया एथलीट

पटना, 5 जून (खेलढाबा)। तलवारबाजी में बिहार के दो खिलाड़ी केशर राज और रवि कुमार यादव 'खेलो इंडिया एथलीट' के रूप में चुना गया है। इस बात की जानकारी देते हुए बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रन शंकरन ने बताया कि स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के खेलो इंडिया स्कीम के अन्तर्गत प्रतिभा खोज समिति के विशेषज्ञों और चालकतीओं की अनुशंसा पर तलवारबाजी में देश के 8 उत्कृष्ट खिलाड़ियों का खेलो इंडिया एथलीट के रूप में चयन हुआ है जिसमें से बिहार के पूर्वी चंपारण जिला के दो खिलाड़ी केशर राज और रवि कुमार यादव हैं। यह बिहार के लिए बहुत खुशी और गर्व की बात है। केशर राज तलवारबाजी के 'फॉयल' और रवि कुमार यादव 'इपी' विधा के लिए चुने गए हैं। जबकि दोनों खिलाड़ियों को खेलो इंडिया के राष्ट्र परफॉर्मेंस सेंटर में आवासीय प्रशिक्षण, खेल उपकरण, स्वास्थ्य बीमा आदि की सुविधा 4 जून 2025 से ही प्राप्त होने लगेगी।

- पूर्वी चंपारण के रहने वाले दोनों खिलाड़ी तलवारबाजी स्पर्धा के है
- हर्ष परफॉर्मेंस सेंटर में आवासीय प्रशिक्षण, खेल उपकरण, स्वास्थ्य बीमा आदि की सुविधा प्राप्त होगी
- खेलो इंडिया समेत कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में जीत है पदक

बिहार सीनियर फिडे रेटिंग शतरंज के टॉप थ्री प्लेयर। (बीच में चैंपियन विजय कुमार)।

फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप भाग लेंगी 24 टीमें

जिनेवा, 5 जून। नौवें फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप के लिए ड्रॉ की घोषणा बुधवार को की गई, जिसमें 2025 संस्करण में पहली बार 24 टीमें भाग लेंगी। यह टूर्नामेंट 17 अक्टूबर से 8 नवंबर तक मोरक्को के स्थान में होगा। यह पहली बार होगा जब वैश्विक आयोजन अफ्रीका में आयोजित किया जाएगा, जिसमें स्थान में मोहम्मद हक फुटबॉल अकादमी में ड्रॉ समारोह आयोजित किया जाएगा। मेजबान मोरक्को ग्रुप ए में ब्राजील, कोस्टा रिका और इंग्लैंड के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा। गत विजेता डोमेनिकैन रिपब्लिक ऑफ कोरिया को कैमरून, मैक्सिको और नीदरलैंड के साथ ग्रुप बी में रखा गया है।

बोले वैभव आईपीएल के अपने पहले सत्र में बहुत सारी सकारात्मक चीजें सीखीं

आगे इससे बेहतर करने की होगी कोशिश

मुंबई, 5 जून। अपने पदार्पण सत्र में अमिट छाप छोड़ने वाले 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी का कहना है कि वह अगले साल इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स के लिए दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे।

आईपीएल की आधिकारिक वेबसाइट द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में सूर्यवंशी ने कहा कि आईपीएल में खेलना हर किसी के लिए एक सपने जैसा है और मुझे अपने पहले सत्र से बहुत सारी सकारात्मक चीजें मिलीं और मैंने यह भी सीखा कि मैं अगले सत्र में टीम के लिए क्या कर सकता हूं।

रॉयल्स के निराशाजनक अभियान के बावजूद बाएं हाथ के बल्लेबाज सूर्यवंशी ने व्यक्तिगत मोर्चे पर सफलता का स्वाद चखा जब मंगलवार को फाइनल के समापन के बाद उन्हें 'आईपीएल सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन' का पुरस्कार दिया गया। सूर्यवंशी ने कहा, ''अगले साल मैं उन क्षेत्रों पर काम करूंगा जहां मैंने मलिंगा की और टीम के लिए बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा।''

पहले सत्र से मिली सीख के बारे में बात करते हुए सूर्यवंशी ने कहा कि मेरी सीख यह है कि मुझे अपने प्रदर्शन से दोगुना बेहतर प्रदर्शन करना होगा जिससे कि मेरी टीम भी अगले साल फाइनल में खेल सके और मैं इस पर ध्यान केंद्रित करूंगा कि अगले साल मैं टीम के लिए कितना योगदान दे सकता हूं। सूर्यवंशी के प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें मुंबई के आयुष म्हात्रे के साथ इंग्लैंड के दौरे पर जाने के लिए भारत की अंडर-19 टीम में भी चुना गया। म्हात्रे ने आईपीएल में चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए सफल पदार्पण किया।

सूर्यवंशी ने कहा कि यह एक नई प्रतियोगिता है। मैं पहली बार ब्रिटेन जा रहा हूं इसलिए यह एक नया अनुभव होगा। मैं अनुभव करूंगा कि यहां खेल कैसे चलता है। उन्होंने कहा कि इस बार चेन्नई सुपरकिंग्स के लिए खेलने वाले अयुष म्हात्रे हमारे कप्तान हैं। तैयारियां अच्छी चल रही हैं और इंग्लैंड में खेलना अच्छा अनुभव होगा तथा हम ट्रॉफी के साथ लौटने की कोशिश करेंगे।

सरकार और न्यायिक अधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे: आरसीबी

नई दिल्ली, 5 जून। अलोचनाओं से घिरे आईपीएल चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को कहा कि वह चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ के मामले में उसके खिलाफ दर्ज एफआईआर के बाद सभी कानूनी कार्रवाई में सहयोग करेगा। आरसीबी, कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) और ग्रेवॉक्स मैनेजमेंट फर्म डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। फ्रेंचाइजी के अनुसार इस फिलहाल कानूनी कार्रवाई पर टिप्पणी नहीं कर सकते लेकिन हम सभी सलाहों और न्यायिक अधिकारियों के साथ सहयोग करेंगे। पुलिस के अनुसार इस मामले में कब्बन पार्क पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराया गया है।

सात्विक और चिराग की जोड़ी क्वार्टरफाइनल में

जकार्ता, 5 जून। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी ने बुल्सनतिवार को यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु महिला एकल के दूसरे दौर में हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। वर्ष 2023 के चैंपियन सात्विक और चिराग ने दबाव में शानदार जज्बा दिखाते हुए वसमुस नेम्के और फ्रेडिक सोगार्ड की डेनमार्क की दुनिया की 16वें नंबर की जोड़ी को 68 मिनट में 16-21, 21-18, 22-20 से हराया। पिछले हफ्ते सिंगापुर ओपन सुपर 750 के सेमीफाइनल में पहुंचे सात्विक और चिराग के रूप में प्रतियोगिता में अब भारत की एकमात्र चुनौती बची है। सात्विक और चिराग की दुनिया की पूर्व नंबर एक जोड़ी अगले दौर में मैन वेई चॉन और काई वून टी की मलेशिया की सातवीं वरीय जोड़ी से भिड़ेगी। इससे पहले निर्णायक गेम में हार के साथ सिंधु को थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा।

इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन

- पीवी सिंधु महिला एकल के दूसरे दौर में हारी

संक्षिप्त

इरानी-वावसोरी की जोड़ी मिश्रित युगल चैंपियन

पेरिस, 5 जून। इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी की जोड़ी ने फ्रेंच ओपन के मिश्रित युगल वर्ग के फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त टेलर टाउनसेंड और इवान किंग की अमेरिका की जोड़ी को शिकस्त देकर खिताब अपने नाम किया। इटली की जोड़ी ने बृहस्पतिवार को यहां सीधे सेटों में 6-4, 6-2 से आसान जीत दर्ज की। पिछले साल अमेरिकी ओपन जीतने के बाद यह उनका दूसरा बड़ा खिताब था।

श्रीलंका के सेनानायके मैच फिक्सिंग के दोषी

कोलंबो, 5 जून। श्रीलंका के पूर्व आफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को हम्बनटोटा उच्च न्यायालय ने लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के दौरान साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिये ललचाने का दोषी पाया है। अटार्नी जनरल के विभाग ने कहा कि देश में हाल ही में शुरू किये गए भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत राष्ट्रीय स्तर के किसी खिलाड़ी को पहली बार मैच फिक्सिंग का दोषी पाया गया है । उन्हें 2023 में गिरफ्तार करके जमानत पर छोड़ दिया गया था। स्थानीय गीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कोलंबो किंग्स के लिए खेल रहे थारिंडु रत्नायके को फिक्सिंग की पेशकश की थी।

दिल्ली जीएम ओपन शतरंज में इनामों की बारिश

नई दिल्ली, 5 जून। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय ओपन ग्रैंडमास्टर्स शतरंज प्रतियोगिता के 21वें सत्र का आयोजन सात से 14 जून तक होगा जिसमें 15 से अधिक देशों के 2,500 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 1.21 करोड़ रुपये होगी। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में तीन रेटिंग आधारित वर्गों में 20 ग्रैंडमास्टर हिस्सा लेंगे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के तत्वावधान में आयोजित दिल्ली जीएम ओपन क्लासिकल प्रारूप में एशिया का सबसे बड़ा शतरंज आयोजन है। दिल्ली शतरंज संघ (डीसीए) के अध्यक्ष भरत सिंह चौहान ने कहा, कि दिल्ली जीएम ओपन ने पिछले दो दशक से भारतीय शतरंज की नींव को मजबूत करने में मदद की है। यहां युवा प्रतिभाओं को खुद को परखने का मौका मिलता है। गनीमत तीसरे राष्ट्रीय ट्रायल में शीर्ष स्कोर के साथ महिला स्कीट में पहले पायदान पर पहुंची

गनीमत महिला स्कीट में पहले पायदान पर पहुंची

भोपाल, 5 जून। पंजाब की गनीमत सेखों ने शॉटगन राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (टी3) के क्वालिफिकेशन में 116 का शीर्ष स्कोर बनाकर महिला स्कीट में भारत की रैंकिंग में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। भोपाल स्थित मध्यप्रदेश राज्य अकादमी निशानेबाजी परिसर में बुधवार को आयोजित प्रतियोगिता में उनके राज्य के ही अभय सिंह सेखों ने पुरुषों की टी3 प्रतियोगिता में क्वालिफिकेशन में 120 का शीर्ष स्कोर बनाकर पुरुषों की स्कीट रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया।

टीम डी और ई में होगी खिताबी भिड़ंत

पटना, 5 जून (खेलढाबा)। बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में खेले जा रहे बीसीए सीनियर एंड अंडर-23 वीमेंस टी20 ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में टीम डी का मुकाबला टीम ई से होगा। टीम डी पूल से अपने तीनों मैच जीत कर पहले ही फाइनल में प्रवेश कर चुकी है जबकि पूल बी से टीम ई ने अपने अंतिम लीग मुकाबले में टीम जी 6 विकेट से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। टीम एफ ने टीम एच को हरा कर सांत्वना जीत हासिल की। फाइनल मुकाबला तय कार्यक्रम के अनुसार 6 जून यानी शुक्रवार को खेला जायेगा।

स्थानीय मोइनुल हक स्टेडियम में खेले गए पूल बी के लीग मुकाबले में टीम ई ने टीम जी को 4 जबकि टीम एफ ने टीम एच को 5 विकेट से पराजित किया।

टीम ई ने टीम जी को हराया

पहले मुकाबले में टीम ई ने टॉस जीता और टीम जी को बैटिंग का न्योता दिया। टीम जी ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 96 रन बनाये। कुमारी निष्ठा ने 48 रन और नंदिनी झा ने 21 रन की पारी खेली।

जवाब में टीम ई ने 16.2 ओवर में अंजलि चौधरी के 22 और अतिरिक्त से मिले 22 रन की बदौलत 16.2 ओवर में 6 विकेट पर 100 रन बना कर मैच जीत लिया और फाइनल का टिकट पक्का किया। टीम ई की ओर से प्रीति प्रिया ने नाबाद 19 रन की पारी खेल कर जीत में अहम भूमिका निभाई। मुस्कान और अंकिता ने 12-12 की पारी खेली। विजेता टीम की प्रीति प्रिया को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

संक्षिप्त स्कोर

टीम जी : 20 ओवर में 4 विकेट पर 96 रन, श्रुति गुप्ता 10, इशिका रंजन 11, कुमारी निष्ठा नाबाद 48, नंदिनी झा 21, प्रीति प्रिया 1/22, प्रगति सिंह 1/10, खुशबू कुमारी 1/20. **टीम ई :** 16.2 ओवर में 6 विकेट पर 100 रन, अंकिता 12, मुस्कान 12, अंजलि चौधरी 22, प्रीति प्रिया नाबाद 19, अतिरिक्त 25, तेजस्वी सिन्हा 3/14, कुमकुम कुमारी 1/24

टीम एफ ने चखा जीत का स्वाद

दूसरे मैच में टीम एच ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया। निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर 120 रन बनाये। विशालाक्षी ने 34 और श्वेता कुमारी ने 18 रन की पारी खेली। जवाब में टीम एफ ने हर्षिता भारद्वाज (52 रन, 1 विकेट) को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

संक्षिप्त स्कोर

टीम एच : 20 ओवर में 6 विकेट पर 120 रन, सुहानी शर्मा 11, विशालाक्षी नाबाद 34, श्वेता कुमारी 18, निक्की चौहान नाबाद 16, अतिरिक्त 27, निवेदिता भारती 1/21, हेमा कशीश 2/10, हर्षिता भारद्वाज 1/16, फरहन परवीन 1/8

टीम एफ : 19.1 ओवर में 5 विकेट पर 121 रन, हर्षिता भारद्वाज 52, खुशी सहाय 12, कृति कुमारी 16, फरहत परवीन नाबाद 10, अतिरिक्त 23, प्रिया कुमारी 1/35, निक्की चौहान 1/14, रुपा 1/18

बीसीए सीनियर एंड अंडर-23 वीमेंस टी20 ट्रॉफी

एफएसएसए ने मारी बाजी

पटना, 5 जून (खेलढाबा)। बिहार फुटबॉल संघ के तत्वावधान में संपन्न बिहार अंडर-13 यूथ लीग फुटबॉल का खिताब एफएसएसए ने जीत लिया।

एफएसएसए की टीम 7 मैचों में 6 में जीत हासिल की और 1 में हार। उसके खाते में कुल 18 अंक आये। एसडीएफसी की टीम को 16, अल्फा एकेडमी को भी 16, पीएसएफए को 12, पीएसएफए लायंस को 7, जीबीएफए को 5, एआरएमएफए को 5 अंक मिले। डॉन बास्को अपने सातों मैच हार गया। इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमें हिस्सा ले रही थीं।

ल्चार जून यानी बुधवार को खेले गए लीग मुकाबलों का यह परिणाम रहा- पहले मुकाबले में पीएसएफए लायंस के खिलाफ पीएसएफए को वाकओवर के जरिए जीत हासिल हुई। दूसरा मुकाबला एआरएमएफए और जीबीएफए के बीच खेला गया जो गोलरहित बराबरी पर छूटा।

तीसरे मुकाबले में एसडीएफए ने अल्फा को 2-1 से हराया। अल्फा की ओर से अरसल ने एक गोल वहीं एसडीएफए के तरफ से जीशान ने दो गोल किया। चौथे मुकाबले में एफएसएसए ने डॉन बोस्को को 4-1 से हराया। विजेता टीम के लिए बादल ने एक, प्रेम ने एक, विकास कोरा ने एक

बिहार अंडर-13 फुटबॉल लीग

और आकाश ने एक वही डॉन बोस्को के तरफ से विराज ने एक गोल किया। बिहार एसोसिएशन के सेक्रेटरी सैयद इम्तियाज हुसैन, एआईएफएफ टेक्निकल कमेटी के मेंबर संतोष कुमार सिंह, बिहार एच ओ आर सत्येन्द्र सिंह और एसोसिएशन के अन्य सदस्य खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैचों का उद्घाटन किया। मैचों का सफल संचालन मोहन, शशि ठाकुर, गौरव राज, सामंत कुमार, शशि सुमन, अमरजीत कुमार, अरुण कुमार और सुनील कुमार को टीम ने किया।

बिहार अंडर-13 यूथ लीग फुटबॉल के अंतिम दिन बुधवार को खेले गए मैचों के दौरान खिलाड़ियों के साथ अतिथिगण।

सीएबी चैलेंजर ट्रॉफी में धनराज सीए विजयी

पटना, 5 जून। स्थानीय क्रिकेट एकेडमी ऑफ बिहार (सीएबी) ग्राउंड पर चल रहे सीएबी चैलेंजर ट्रॉफी में गुरुवार को खेले गए मैच में धनराज क्रिकेट एकेडमी ने बीआईओसी को 6 विकेट से हराया। टॉस बीआईओसी ने जीता और पहले बैटिंग करते हुए 25 ओवर में 8 विकेट पर 122 रन बनाये। आर्यन ने 45, अमन ने 12 रन की पारी खेली। अनुराग ने 2 जबकि श्रेयांश ने 1 विकेट चटकाये। जवाब में धनराज क्रिकेट एकेडमी 16 ओवर में चार विकेट पर 126 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। रितु राज ने 47 और वेद ने 19 रन बनाये। आदित्य ने 2 और अमन ने 1 विकेट चटकाये। रितु राज को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।

क्रिकेट कोचिंग सेंटर अंतिम-4 में

जीएनआईओटी कप अंडर-15 क्रिकेट

पटना, 5 जून (खेलढाबा)। क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने जीएनआईओटी कप अंडर-15 क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। क्वार्टरफाइनल मुकाबले में क्रिकेट कोचिंग सेंटर ने वाईसीसी स्पोर्ट्स एकेडमी को 3 विकेट से पराजित किया।

स्थानीय कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए मैच में टॉस वाईसीसी स्पोर्ट्स एकेडमी ने जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया और 20 ओवर में सभी विकेट खोकर 106 रन बनाये। अनुराग राणा ने 26 रन की पारी खेली। क्रिकेट कोचिंग सेंटर की ओर से अमन पटेल ने 5 विकेट चटकाये।

जवाब में क्रिकेट कोचिंग सेंटर की टीम 19.2 ओवर में 7 विकेट पर 107 रन बना कर मैच अपने नाम कर लिया। राजीव रंजन ने 51 और समन कुमार ने 18 रन की पारी खेली। वाईसीसी की ओर से मोहित ने 2 विकेट चटकाये। विजेता टीम के अमन पटेल को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

संक्षिप्त स्कोर

वाईसीसी स्पोर्ट्स एकेडमी : 20 ओवर में 106 रन पर ऑल आउट, मोहित 10, रौशन 11, अनुराग राणा 26, शिवांश श्रेयस 14, सौरभ 14, अतिरिक्त 13, समन कुमार 2/24, प्रिंस राज 1/10, भास्कर आनंद 1/19, अमन पटेल 5/29

क्रिकेट कोचिंग सेंटर : 19.2 ओवर में 7 विकेट पर 107 रन, राजीव रंजन नाबाद 51, समन कुमार 18, भास्कर आनंद 10, मोहित 2/27, रौशन 1/22, अभिज्ञान 1/26, केशव रघुवंशी 1/13

टर्निंग प्वायंट अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट 10 जून से

पटना, 5 जून। सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रहे सरदार पटेल स्कूल क्रिकेट फेस्टिवल के अंतर्गत आयोजित होने वाले टर्निंग प्वायंट कप अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट आगामी 10 जून से कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित किया जायेगा। यह जानकारी टर्निंग प्वायंट के निदेशक विजय शर्मा ने दी। उन्होंने फेस्टिवल के अंतर्गत अंडर-12 कैटेगरी का फाइनल हो चुका है। विशेष जानकारी के लिए सरदार पटेल स्पोर्ट्स फाउंडेशन के संस्थापक संतोष तिवारी से मोबाइल नंबर 9386962380 और नवीन कुमार से मोबाइल नंबर 9113311313 पर संपर्क कर सकते हैं।

माई कैरियर व्यू कप में सुदर्शन इलेवन जीता

पटना, 5 जून (खेलढाबा)। स्थानीय कृष्णा क्रिकेट ग्राउंड पर चल रहे माई कैरियर व्यू कप अंडर-13 क्रिकेट टूर्नामेंट में 5 जून गुरुवार को खेले गए मैच में सुदर्शन इलेवन ने 22 वार्ड को 8 रन से पराजित किया। टॉस सुदर्शन इलेवन ने जीता और पहले बैटिंग करते हुए 21 ओवर में 5 विकेट पर 163 रन बनाये। प्रीथिवेश ने 66 और आयुष्मान जैन ने 42 रन की पारी खेली। जवाब में 22 वार्ड की टीम 21 ओवर में 6 विकेट पर 155 रन पर ऑल आउट हो गई। रोहित राज ने 55 रन बनाये। प्रीथिवेश को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

संक्षिप्त स्कोर : सुदर्शन इलेवन : 21 ओवर में 5 विकेट पर 163 रन, आयुष्मान जैन 42, प्रीथिवेश रंजन 66, दीपक 25, उज्ज्वल 1/31, आयुष यादव 1/29, लक्की 1/37, सहर्ष राज 2/25 22 यार्ड क्रिकेट एकेडमी : 21 ओवर में 6 विकेट पर 155 रन, रोहित राज 55, रणवीर सिंह 12, सुमित कुमार 15, मोहम्मद आसिफ लेगी 14, आयुष यादव 22, अतिरिक्त 32, साहिल कुमार 2/29, आशीष कुमार 1/30, प्रीथिवेश रंजन 1/18

बिहार राज्य जूनियर बास्केटबॉल 11 जून से

पटना, 5 जून। बास्केटबॉल एसोसिएशन ऑफ मुजफ्फरपुर के द्वारा बास्केटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वावधान में बिहार राज्य जूनियर पुरुष व महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 11 से 14 जून तक मुजफ्फरपुर के संत जोसेफ स्कूल में किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में 01.01.2007 या उसके बाद के जन्मतिथि वाले खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं। सभी खिलाड़ियों को अपने साथ आयु प्रमाण-पत्र, दो फोटो एवं आधार कार्ड साथ में लाने का निर्देष दिया गया है। इसी के आधार पर बिहार की संभावित टीम का चयन होगा।

रेड टीम ने जीता खिताब

रांची, 5 जून (खेलढाबा)। साई धुर्वा क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में आयोजित साई धुर्वा प्रीमियर लीग का खिताब साई धुर्वा रेड ने जीता। रेड की टीम ने ब्लू को 6 विकेट से हराया। मुख्य अतिथि संजय सहाय (पूर्व अध्यक्ष जेएससीए), अजय नाथ शहदेव (अध्यक्ष, जेएससीए) ने संयुक्त रूप से विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। फाइनल मैच में रमेश सिंह (एक्जीक्यूटिव मेंबर जेएससीए), मुजफर अली (एक्जीक्यूटिव मेंबर आरडीसीए), शंभू सिन्हा (ज्वाइंट सेक्रेटरी आरडीसीए), मुक्तेश सिंह, हिमांशु शेखर, अमित सिंह, युवराज सिंह, आकाश राज, जय प्रकाश मौजूद थे।

संक्षिप्त स्कोर

साई धुर्वा ब्लू : 19.4 ओवर में 128 रन पर ऑल आउट, यशराज 32, प्रियांशु कुमार 28, आदर्श विशाल 2/8, अनुकृष्ण 2/15

साई धुर्वा रेड : चार विकेट पर 129 रन, आदर्श विशाल नाबाद 85, मनोरंजन 15, अमृत 2/35, अमित 1/19 मैन ऑफ द मैच : आदर्श विशाल।

टूर्नामेंट के हीरो

मैन ऑफ द सीरीज -यश राज सिंह

सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज -प्रिंस सिंह

सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज -शिखर गुप्ता

सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक -कृष्णा पांडे

उभरते खिलाड़ी -आरव सिन्हा

दूसरे चार दिवसीय मैच में नजरें केएल राहुल पर

नॉर्थम्पटन, 5 जून। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले केएल राहुल की नजरें लाल गेंद के प्रारूप में अभ्यास पर होंगी जब भारत ए टीम शुक्रवार से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दूसरा और आखिरी अनधिकृत टेस्ट खेलने उतरेगी।

भारत के अधिकांश हिस्सों में मानसून होने के कारण राहुल ने टेस्ट टीम से पहले अभ्यास के लिये ब्रिटेन पहुंचने का फैसला किया। पहला टेस्ट 20 जून से शुरू होगा। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम शुक्रवार को मुंबई से रवाना होगी। इंग्लैंड में दो शतक लगा चुके राहुल भारतीय टेस्ट टीम के सबसे सीनियर सदस्य है।

फाइनल में कोको गॉफ की आर्यना सबालेंका से भिड़ंत

फ्रेंच ओपन टेनिस महिला एकल

पेरिस, 5 जून। फ्रेंच ओपन टेनिस के महिला एकल के फाइनल में अमेरिका के कोको गॉफ का सामना बेलारुस की आर्यना सबालेंका से होगा।

2022 में इगा स्विएटेक से हारने के बाद दूसरी बार फाइनल में जगह बनाने वाली कोको गॉफ ने गुरुवार को फ्रेंच ओपन टेनिस में स्थानीय नाविका लोइस बोइसन के सपनों के सफर को 6-1, 6-2 से निर्मम जीत के साथ समाप्त किया। वहीं दूसरी ओर दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना राबालेंका ने इगा स्वियातेक की जीत के अभियान को विराम लगाते हुए बृहस्पतिवार को यहां महिला एकल फाइनल में जगह बनाई।

सबालेंका ने स्वियातेक को रोलां गैरो पर हुए सेमीफाइनल मुकाबले में तीन सेट में 7-6, 4-6, 6-0 से हराकर पेरिस में पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। सबालेंका की जीत ने स्वियातेक को 1968 में प्रतियोगिता में पेशेवर खिलाड़ियों को प्रवेश की स्वीकृति दिए जाने के बाद से इस क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में लगातार चार खिताब जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनने से रोक दिया। इससे

सबालेंका को अपना चौथा ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने का मौका भी मिलेगा। सबालेंका ने अब तक अपने तीनों ग्रैंडस्लैम खिताब हार्ड कोर्ट पर जीते हैं जिसमें दो ऑस्ट्रेलियाई ओपन और एक अमेरिकी ओपन खिताब शामिल है।

बेलारूस की 27 वर्षीय सबालेंका ने कहा कि यह अविश्वसनीय लगता है लेकिन मैं यह भी समझती हूं कि काम अभी खत्म नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि वह सबसे कठिन प्रतिद्वंद्वी है, विशेषकर क्ले कोर्ट पर, खासकर रोलां गैरो पर। मुझे गर्व है कि मैं यह जीत हासिल करने में सक्षम थी। यह एक कठिन मुकाबला था लेकिन मैं किसी तरह इसे जीतने में कामयाब रही।

रोलैंड गैरोस में एक स्थानीय पसंदीदा खिलाड़ी के साथ बेहद उग्र भीड़ के सामने खेलना सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के लिए भी एक चुनौती हो सकती है, लेकिन गॉफ पूरी तैयारी के साथ आई थीं। गॉफ ने कहा, यह पहली बार है जब मैं यहां एक फ्रांसीसी खिलाड़ी के साथ खेल रही हूं। मैं मानसिक रूप से तैयार थी कि यह 99 प्रतिशत उसके पक्ष में होगा, इसलिए मैं इसे रोकने की कोशिश कर रही थी।

नोवाक जोकोविच फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में

पेरिस, 5 जून। सर्बिया के टेनिस स्टार नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन 2025 के मेंस सिंगल्स के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। क्वार्टर फाइनल में जोकोविच ने पहले सेट में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। जोकोविच के अलावा वर्ल्ड नंबर-वन जैनिक सिनर भी सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं। 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में तीसरे सीड एलेक्जेंडर ज्वेरेव को चार सेटों में 4 6, 6 3, 6 2, 6 4 से हराया। इस जीत के साथ जोकोविच ने फ्रेंच ओपन में अपनी 101वीं जीत दर्ज की है। 38 साल के जोकोविच अब सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर-वन खिलाड़ी जैनिक सिनर से भिड़ेंगे। दोनों के बीच अब तक आठ मुकाबले हुए हैं, जिनमें स्कोर 4-4 है। पिछले तीन मैचों में सिनर ने जीत हासिल की है। सिनर की ग्रैंड स्लैम में लगातार 19वीं जीत इटली के टेनिस स्टार जैनिक सिनर सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं।

रांची में प्रथम ट्रायबल वुशू प्रशिक्षण शिविर शुरू

रांची, 5 जून (खेलढाबा)। स्थानीय सरला बिरला यूनिवर्सिटी के जी डी बिरला इंडोर हॉल में 5 जून यानी गुरुवार से प्रथम ट्राइबल वुशू प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ हो गया। इस शिविर का आयोजन झारखण्ड में ताजुतु विधा का प्रचार करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। गौरतलबप है कि झारखण्ड वुशू एशोसिएशन के सिल्वर जुबली सेलिब्रेशन के मद्देनजर इस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

सरला बिरला परिसर में आयोजित इस शिविर में झारखण्ड के सभी जिलों के पुरुष एवं महिला खिलाडी और उनके कोच भाग लें रहें हैं। यह शिविर 12 जून तक चलेगा जिसमें खिलाडी ताजुतु का विशेष प्रशिक्षण लेंगे। प्रशिक्षण शिविर के उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि कमांडेंट श्रीमती सरोजनी लकड़ा (आईपीएस) थीं जिन्होंने सभी

प्रशिक्षुओं का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर सरोजनी लकड़ा ने कहा कि अपनी योग्यता को पहचाने और समय का सदुपयोग करें तब सफलता आपके हाथ में होगी। उद्घाटन सत्र के अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रोफेसर विजय कुमार सिंह, डिन डेवलपमेंट और प्लानिंग (सरला बिरला यूनिवर्सिटी) ने कहा कि जीत और हार एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, जितने के लिए निरंतर अभ्यास और अनुशासन जरुरी है।